दिनांक 13, मई, 2025

# नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ

## प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहीद अशफाक उल्ला खाँ प्राणि उद्यान, गोरखपुर में एक बाघिन की मृत्यु हो गयी थी, जिसका सैम्पल NISHAD, भोपाल भेजा गया था। NISHAD, भोपाल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मृत बाघिन में Avian Influenza H-5 की पुष्टि हुई है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए सावधानी बरतने हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के अनुपालन में नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ दिनांक 14.05.2025 से दिनांक 20.05.2025 तक दर्शकों हेतु पूर्णतः बन्द रहेगा। उक्त के सम्बन्ध में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा निर्गत किये गये दिशा–निर्देशों का पालन अग्रिम आदेशों तक किया जाएगा। इस दौरान नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के सभी वन्य जीवों की सघन मॉनीटरिंग की जायेगी एवं यदि इस प्रकार का कोई लक्षण प्रतीत होगा तो उसके आधार पर समुचित चिकित्सा आदि सुनिश्चित की जायेगी।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह,
प्राणि उद्यान लखनऊ